# कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, वाराणसी।

संख्या–1890/निर्वाचन–2023

दिनांक– 18 दिसम्बर,2023

1–क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी,स्वीप,वाराणसी।
2–जिला विद्यालय निरीक्षक/सहायक नोडल अधिकारी, स्वीप,वाराणसी।
3–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी, स्वीप,वाराणसी।

विषयः– राज्य स्तरीय आनलाईन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता 1.0 हेतु स्कूल/कालेज के छात्राओं/छात्रें की भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में।

उपरोक्त विषयक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–579/सीईओ–6 दिनांक 16 दिसम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यकम के अन्तर्गत विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है। इसी कम में विशेषकर युवा मतदाताओं तथा दिव्यांगजनों को पंजीकरण हेतु जागरूकता किये जाने के दृष्टिगत राज्य स्तरीय आनलाईन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता **(VoteUP: Poster designing/slogan writing competition) 1.0** का दिनांक 08.12.2023 को शुभारम्भ किया गया हैं

2–आनलाईन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता की थीम निम्नवत् हैः–

- **Ethical Voting** (नैतिक मतदान)
- **Utility of KYC/C-Vigil/VHA/Saksham Apps (KYC/C-Vigile/VHA/Saksham Apps** की उपयोगिता)
- **Why Vote ?** (मतदान क्यों ?)
- **Increasing Voter Turn Out** (मतदान प्रतिशत बढ़ाना)

3–उक्त आनलाईन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में निम्न श्रेणी होंगीः–

I. 18–20 आयु वर्ग के युवा मतदाता
II. सभी दिव्यांग मतदाता

पुरस्कार हेतु सिर्फ वही पात्र होंगे जिनका नाम दिनांक 05.01.2024 को अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में दर्ज होगा।

4–प्राप्त स्लोगन/पोस्टर में से विजेताओं का चयन, एक समिति के माध्यम से किया जायेगा।

5–प्रदेश स्तर पर विजाताओं को आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25 जनवरी, 2024 के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।

1–प्रतियोगिता की अवधि– 08.12.2023 से 08.01.2023 तक
2–पुरस्कार घोषणा की तिथि– 20 जनवरी, 2024
3–प्रतियोगिता का लिंक तथा QR कोड मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट **ceouttarpradesh.nic.in** तथा सोशल मीडिया हैण्डल्स **(Facebook/twitter-x/Instragram)** पर उपलब्ध है।

6–इस संबंध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि उक्त पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में कम से कम 05 तथा प्रत्येक शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यरत मतदाता साक्षरता कमेटी मा मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता हेतु प्रभावी प्रयोग करत हुए सुनिश्चित करें कि इस प्रतियोगिता में कम से कम 10 छात्राओं/छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

अतः उपरोक्त पत्र की प्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त लांच की गयी आनलाईन प्रतियोगिता को अपने अधीनस्थ स्कूल/कालेजों के माध्यम से प्रचारित कराते हुए सुनिश्चित करें कि मतदाता जागरूकता तथा शिक्षा के दृष्टिगत अधिकाधिक पात्र मतदाताओं द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा सके।

**Link for Poster Designing-https//forms.gle/DUjiPXUAd2ZZg75n9**
**Link for Slogan writing-https//forms.gle/tXBMveY48dTmVHpw6**

संलग्नक–यथोक्त।

18.12.23
(बिपिन कुमार)
अपर जिलाधिकारी, प्रशासन/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
वाराणसी।

संख्या व दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, महोदय को सूचनार्थ।
2–मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी, स्वीप, वाराणसी।
3–समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, वाराणसी।
4–जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी, स्वीप,वाराणसी।
5–उप निदेशक,नेहरू युवा केन्द्र/सहायक नोडल अधिकारी स्वीप, वाराणसी।
6–सुश्री नीलू मिश्रा, स्वीप आईकान, वाराणसी।

अपर जिलाधिकारी, प्रशासन/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
वाराणसी।

# कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश।

चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट लखनऊ–226001

संख्या–S79/सीईओ–6–17/6–2023 लखनऊः दिनांकः 16 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

विषयः राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता 1.0 हेतु स्कूल/कालेज के छात्राओं/छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने संबंध में।

महोदया/महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (SVEEP) के अन्तर्गत विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है। इसी क्रम में विशेषकर युवा मतदाताओं तथा दिव्यांगजनों को पंजीकरण हेतु जागरूक किये जाने के दृष्टिगत राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता (VoteUP: Poster designing/Slogan writing competition) 1.0 का दिनांक 08.12.2023 को शुभारम्भ किया गया है।

2–ऑनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता की थीम निम्नवत हैः–

- Ethical Voting (नैतिक मतदान)
- Utility of KYC/ C-Vigil/ VHA/Saksham Apps (KYC/ C-Vigil/ VHA/Saksham Apps की उपयोगिता)
- Why Vote ?(मतदान क्यों ?)
- Increasing Voter Turn Out (मतदान प्रतिशत बढ़ाना)

3– उक्त ऑनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में निम्न श्रेणी होंगीः–

I. 18–20 आयु वर्ग के युवा मतदाता
II. सभी दिव्यांग मतदाता (PwD)

पुरस्कार हेतु सिर्फ वही पात्र होगें जिनका नाम दिनांक 05.01.2024 को अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में दर्ज होगा।

4– प्राप्त स्लोगन/पोस्टर में से विजेताओं का चयन, एक चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा।

5– प्रदेश स्तर पर विजेताओं को आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25 जनवरी, 2024 के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।

1–प्रतियोगिता की अवधि– 08.12.2023 से 08.01.2024 तक

2–पुरस्कार घोषणा की तिथि– 20 जनवरी, 2024

3–प्रतियोगिता का लिंक तथा QR कोड मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट ceouttarpradesh.nic.in तथा सोशल मीडिया हैण्डल्स (Facebook/twitter-X/Instragram) पर उपलब्ध है।

6-- इस संबंध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि उक्त पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में कम से कम 05 तथा प्रत्येक शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यरत मतदाता साक्षरता कमेटी (Electoral Literacy clubs) का मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता हेतु प्रभावी प्रयोग करते हुए सुनिश्चित करें कि इस प्रतियोगिता में कम से कम 10 छात्राओं/छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

अतः कृपया उक्त लॉच की गयी ऑनलाइन प्रतियोगिता को अपने अधीनस्थ स्कूल/कालेजों के माध्यम से प्रचारित कराते हुए सुनिश्चित करें कि मतदाता जागरूकता तथा शिक्षा के दृष्टिगत अधिकाधिक पात्र मतदाताओं द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा सके।

Link for Poster Designing- https//forms.gle/DUjiPXUAd2ZZg75n9

Link for Slogan writing- https//forms.gle/tXBMveY48dTmVHpw6

भवदीया,

(निधि श्रीवास्तव)
अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

संख्या-- 879 /सीईओ-6 तद्दिनांक--

प्रतिलिपि निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त के संबंध में अपने स्तर से संबंधित को निर्देशित करते हुए इसे अपनी निगरानी में निष्पादित कराने का कष्ट करें।

(टी0पी0 गुप्ता)
सांख्यिकीय अधिकारी/स्वीप नोडल अधिकारी